भेदभाव को समाप्त करते हैं खेल
ब्रह्माकुमारी संगठन में खेल सेवा प्रभाग सम्मेलन आरंभ

माउंट आबू, 12 जुलाई। अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी धनंजय महाधिक ने कहा कि खेल एक ऐसा विषय है जो रंग, रूप, देश, धर्म, भाषाओं की सीमाओं को लांघकर सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त कर रिश्तों को मजबूत करता है। खेल देशों के आपसी संबंध सुधारने का जरिया है। ब्रह्माकुमारी संगठन ने समाज के हर वर्ग के साथ जुड़कर मूल्यों को बढ़ावा देने की जो मुहिम छेड़ी है, उससे न केवल देश में बल्कि विदेश के खिलाड़ियों को भी भारतीय संस्कृति से जोड़ने का गौरव हासिल किया है। वे शनिवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के खेल सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित सम्मेलन के उदघाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

हैदराबाद खेल प्रशासन अधिकारी नरसैय्या के. ने कहा कि विदेशी संस्कृति के बीच भारतीय संस्कृति को प्रचारित करने का खेल भी अहम माध्यम हैं। खिलाड़ियों को अपने देश की सांस्कृतिक परपंराओं को निर्वहन करने के भरसक प्रयास करने चाहिए।

ज्ञान सरोवर निदेशिका डॉ. निर्मला ने कहा कि खेलों में सदभावना का महौल बनाए रखने के लिए अध्यात्म एक सशक्त माध्यम है। अध्यात्म जाति-पाति सहित अनेक प्रकार के भेदभावों को समाप्त कर आपसी सौहार्द को बढ़ाता है।

खेल सेवा प्रभाग अध्यक्ष डॉ. बसवराजऋषि ने कहा कि आध्यात्मिक मूल्यों से संपन्न खिलाड़ी देश के सम्मान के लिए कड़ी मेहनत व प्रमाणिकता से किए गए परिश्रम के साथ अपना सब कुछ दांव पर लगा देता है। जिसके लिए जीवन के हर क्षेत्र में कामयाबी के द्धार स्वतः खुल जाते हैं।

प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका बी. के. शशि बहन ने कहा कि सर्वमान्य संस्कृति के खेलों के माध्यम से विश्व बंधुत्व की भावनाओं को बल मिलने के साथ संबंधों को सुधारने का कार्य भी करते हैं।

अंतराष्ट्रीय एथलीट राजिया शेख ने कहा कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर ब्रह्माकुमारीज संगठन द्वारा खेलों के माध्यम से जिन मूल्यों को प्रसारित किया जा रहा है उनकी बदौलत समाज का एक बड़ा वर्ग आज अपने को गौरवान्वित महसूस करता है। इसलिए मूल्यों को किसी भी हालत में नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

मुख्यालय संयोजक जगबीर सिंह ने खेलों में खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों के मध्य सदभाव बनाए रखने के उपाय सुझाए। हैदराबाद से आई राजयोग प्रशिक्षिका बी. के. अंजलि बहन ने राजयोग के अभ्यास से मानसिक एकाग्रता को बढ़ाने की विधि पर प्रकाश डाला।

तीन फोटो 12 एमएबी1,2,3

माउंट आबू। ब्रह्मकुमारी संगठन के ज्ञान सरोवर में खेल सेवा प्रभाग सम्मेलन के उदघाटन सत्र को संबोधित करते खेल प्रशासन अधिकारी नरसैय्या के.।